हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
16 मार्च 2025, समय 1810

- केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख माण्डविया और राज्य मंत्री रक्षा खडसे अब से कुछ ही देर में नई दिल्ली में फिट इण्डिया महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।

- हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

- हरियाणा के वित्त मंत्री का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री नायब सिंह कल बजट पेश करेंगे।

- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा है कि कल बजट में कृषि क्षेत्र और किसानों के लिए कई घोषणाएं की जाएंगी।

- हरियाणा के पहलवान दीपक पूनिया और अंतिम पंघाल सहित 30 पहलवान सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए चुने गए।

***************************************************************

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री रक्षा खडसे, अब से कुछ ही देर में नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पहले फिट इंडिया महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह में कई फिल्मी सितारे, पहलवान, फिटनेस शौकीन और वेलनेस गुरु भी शामिल हो रहे हैं। आज से तीन दिन तक चलने वाले फिटनेस और वेलनेस फेस्टिवल-फिट इंडिया महोत्सव का उद्देश्य फिट इंडिया आंदोलन के फिट, स्वस्थ और मोटापे से मुक्त राष्ट्र के दृष्टिकोण के साथ तालमेल करते हुए स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है। फिट इंडिया महोत्सव के दौरान रस्सी कूदना, स्थिर साइकिल चलाना, आर्म रेसलिंग, क्रिकेट बॉलिंग, स्क्वॉट और पुश-अप चैलेंज आदि सहित कई खेल गतिविधियाँ मुख्य आकर्षण होंगी। इसमें भारतीय खेल प्राधिकरण का राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, लोगों को पोषण विशेषज्ञों और मनोवैज्ञानिकों से संबंधित निःशुल्क मूल्यांकन उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर आगामी खेलो इंडिया पैरा खेलों के शुभंकर, लोगो और गान का भी

अनावरण किया जाएगा। खेलो इंडिया पैरा खेलों का आयोजन 20 से 27 मार्च के बीच दिल्ली में होगा।

*******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लंदन के सेंट्रल बैंकिंग द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को डिजिटल परिवर्तन पुरस्कार 2025 के लिए चुने जाने पर सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि सरकार, शासन में नवाचार और दक्षता पर बल देती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल नवाचार भारत के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को लगातार मजबूत कर रहा है और असंख्य लोगों को सशक्त बना रहा है।

*******************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण या अन्य कार्यों में किसी स्तर पर लापरवाही पाई गई तो न केवल अधिकारियों पर बल्कि संबंधित एजेंसी के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। श्री गंगवा आज हिसार में आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया जाता है ताकि जनता के पैसे का सही जगह व सही समय पर सदुपयोग करवाया जा सके।

हिसार की आटो मार्केट की सीवरेज व्यवस्था के बारे में पूछे एक सवाल के जवाब में श्री गंगवा ने कहा कि यह मामला ध्यान में आते ही अधिकारियों को सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त करवाने के निर्देश दे दिए गए हैं। केवल आटो मार्केट या हिसार ही नहीं बल्कि हर जगह की सीवरेज व सड़क व्यवस्था को सही करने के निर्देश दिए गए हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि महापौर व पार्षदों की जीत के साथ ही उनकी जिम्मेदारी व जवाबदेही बढ़ गई है। ट्रिपल इंजन की सरकार जनता की आशाओं के अनुरूप काम करते हुए शहर में विकास को नई गति प्रदान करेगी।

*******************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने यमुना नदी को स्थायी रूप से साफ करने के लिए हरियाणा की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने उपायुक्तों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि वो यह सुनिश्चित करें कि यमुना नदी में सीवेज या गंदे नाले का पानी न जाए। उन्होंने कहा कि सीवेज के पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना को साफ रखना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पानीपत, सोनीपत, पलवल और यमुनानगर जिलों के उपायुक्तों को अपने जिलों में मल शोधन संयंत्र स्थापित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को

रेवाड़ी के मसानी बैराज में 6 मल शोधन संयंत्र के कामकाज की निगरानी और उनके रखरखाव को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के कल पेश किए जाने वाले बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की जाएंगी। आज करनाल में प्रजापिता ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के बाद वह पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे।

इससे पहले ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए मजबूत अर्थव्यवस्था का होना जरूरी है। भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर लाने के लिए सबको शांति का मार्ग अपनाना होगा जो अध्यात्म से हो कर गुजरता है। उन्होंने कहा कि भारत संतों व फकीरों का देश है। संतों व ऋषि मुनियों ने हमें जीवन जीने की पद्धति के रास्ते दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने राग द्वेष से ऊपर उठकर निष्काम भाव से कार्य करने की सीख दी है। यदि हम भी इसी भावना से कार्य करें तो वह दिन दूर नहीं जब भारत को विश्व गुरु का दर्जा मिलेगा। श्री राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को सभी को मिलकर पूरा करना होगा। देश के विकास में आमजन का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।उन्होंने इस दौरान प्रभु मिलन धाम का शिलान्यास भी किया।

************************************************************

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया गया। प्रति वर्ष 16 मार्च को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय हैं संपूर्ण टीकाकरण कवरेज के तेजी से विस्तार के लिए वर्ष 2014 में मिशन इंद्रधनुष की शुरूआत की गई थी। इसका उद्देश्य शिशु मृत्युदर में कमी लाना और बच्चों में संपूर्ण टीकाकरण को प्रभावी बनाना था।

************************************************************

भारतीय कुश्ती संघ ने सीनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता हरियाणा के पहलवान दीपक पुनिया और अंतिम पंघाल सहित तीस पहलवानों का चयन किया है। यह चैंपियनशिप 25 से तीस मार्च तक जॉर्डन के अम्मान में होगी। कुश्ती संघ के ट्रायल में पुरूषों की फ्री-स्टाइल और ग्रीको रोमन तथा महिला वर्ग के लिए दस-दस पहलवानों का चयन किया गया है।

*****************************************************************

हॉकी इंडिया के सातवें वार्षिक पुरस्कारों में प्रसार भारती को वर्ष 2024 में हॉकी के प्रसारण और संवर्धन में अमूल्य योगदान के लिए जमन लाल शर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कल नई दिल्ली में आयोजित इस समारोह में पचास वर्ष पहले 15 मार्च को ही कुआलालम्पुर में अजितपाल सिंह के नेतृत्व में भारत को एकमात्र विश्व कप जिताने वाली भारतीय टीम को पचास लाख रूपये नकद राशि के साथ ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। पेरिस ओलंपिक्स में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुनी गई टीम की गोलकीपर सविता पूनिया को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। हॉकी इंडिया पुरस्कारों के इतिहास में इस बार रिकॉर्ड 12 करोड़ रूपये की राशि वितरित की गई।

*****************************************************************

हरियाणा खनन एवं भू-विज्ञान विभाग ने यमुनानगर जिले में जिला प्रशासन की मदद से 1392 वाहनों की जांच कर 30 वाहनों का चालान कर उन पर 2 लाख 96 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जिले के सभी एस डी एम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर जिले से गुजरने वाली यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर भी अवैध खनन रोकने व बिना ई-रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों की पूरी संजीदगी के साथ निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

*****************************************************************